# बगैर नाम लिए साधा निशाना

## जैसीनगर के नाम बदलने को लेकर क्षत्रिय समाज के ज्ञापन के जवाब में खाद्य मंत्री ने पूर्व मंत्री को घेरा

नवभारत न्यूज

**सागर 3 अक्टूबर. सागर जिले के जैसीनगर का नाम बदलने को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा को लेकर क्षत्रिय समाज द्वारा विरोध स्वरुप सौंपे गए ज्ञापन पर खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बगैर नाम लिए पूर्व मंत्री पर निशाना साधा है.**



विजयादशमी पर सुरखी विधानसभा क्षेत्र के जैसीनगर विकासखंड मैदान पर आयोजित सांस्कृतिक दशहरा महोत्सव में पहुंचे खाद्य मंत्री श्री सिंह ने जैसीनगर का नाम जयशिव नगर करने को लेकर जनसमुदाय को स्पष्ट करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती प पर जैसीनगर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव से जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने जयशिव नगर करने की बात रखी तो मुख्यमंत्री ने कहा था कि आप यहां से प्रस्ताव बनाकर दें हम घोषणा कर देंगे. मगर प्रस्ताव ही नहीं गया और पेट में चूहा काटने लगे. कौन के पेट में काटने लगे हम नाम नहीं ले रहे ? जो दस साल यहां के विधायक रहे मेरे पहले, जिनके विधायक रहते हुए एक पुलिया नहीं बनी. एक टूटी पुलिया पर कहीं उनका नाम लिखा हो तो बता दें. उन्होने निशाने साधते हुए कहा कि घर के लोग भेज दिए, भतीजे भेज दिए और चार-पांच कांग्रेसियों से ज्ञापन देने पहुंच गए कि जैसीनगर का नाम बदल गया है. उन्होने कहा कि अपनो घर देखो हमाए जैसीनगर में पत्थरा नहीं फेंको. राजा जयसिंह की मूर्ति जैसीनगर के लोग कहेंगे तो आपका विधायक बनवायेगा. खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि एक समाज के नहीं सारे समाजों का सम्मान हम करते हैं.

> मालूम हो कि सागर में भी महाराणा प्रताप की मूर्ति को लेकर लगभग दो वर्ष से क्षत्रिय समाज के बीच सामंजस्य नहीं बन पा रहा है. पिछले दिनों नगर निगम के साधारण सम्मेलन में भी महाराणा प्रताप की मूर्ति सिटी स्टेडियम के पास और सिटी स्टेडियम का नामकरण महाराणा प्रताप के नाम पर करने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी गई है. जिसके निर्णय का स्वागत भी किया गया है.

## शरद पूर्णिमा पर नाटिका आत्मान्वेषी का मंचन

**सागर.** आचार्य श्री विद्या सागर महाराज और आचार्य श्री समय सागर महाराज के अवतरण दिवस शरद पूर्णिमा को 7 अक्टूबर को आचार्य भगवन श्री विद्यासागर महाराज के जीवन कृतित्व और व्यक्तित्व पर आधारित नाटिका आत्मान्वेषी का मंचन म्यूनिसिपल स्कूल तीनबत्ती के सामने आचार्य श्री विद्या समय अवतरण महोत्सव समिति के द्वारा आयोजित किया गया है. कार्यक्रम के सूत्रधार मुकेश जैन ढाना ने बताया कि आयोजन सकल दिगंबर जैन समाज के द्वारा किया जाता है. जबलपुर में विराजमान आचार्य श्री समय सागर महाराज का भी 68 वां अवतरण दिवस शरद पूर्णिमा के दिन रहता है. आचार्यश्री पर समाधिस्थ मुनिश्री क्षमा सागर महाराज द्वारा रचित आत्मान्वेषी पुस्तक पर आधारित नाटिका का मंचन शाम को 9 बजे से होगा.

# साढ़े 7 करोड़ से छोटे तालाब का कायाकल्प

## बच्चों के मनोरंजन के लिए डेढ़ किलोमीटर का टॉय ट्रेन ट्रैक बनाया जायेगा

नवभारत न्यूज

**सागर 3 अक्टूबर. विधायक शैलेंद्र जैन ने छोटे तालाब में लगभग 7.5 करोड़ रुपए की लागत से चल रहे जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति का जायजा लिया.**

उल्लेखनीय है कि विधायक जैन के प्रयासों से स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत लाखा बंजारा झील का पुनर्निर्माण और आकर्षक कायाकल्प किया गया था. झील के शेष भाग जिसे आमतौर पर छोटा तालाब कहा जाता है के जीर्णोद्धार हेतु विधायक श्री जैन द्वारा राशि स्वीकृत कराई गई है. छोटे तालाब में डी-सिल्टिंग, साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है.



> विधायक श्री जैन ने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत तालाब के चारों ओर आकर्षक पाथ-वे (पैदल मार्ग) का निर्माण किया जा रहा है, जिससे लोग झील के चारों ओर भ्रमण कर सकेंगे. बच्चों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए लगभग 1.5 किलोमीटर लंबा टॉय ट्रेन ट्रैक बनाया जा रहा है. इस पर चलने वाली टॉय ट्रेन अटल पार्क के अंदर से होकर गुजरेगी, जिससे यह शहरवासियों और बच्चों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बनेगी. तालाब की सुंदरता बढ़ाने के लिए इसके दोनों छोर पर दो आकर्षक प्रवेश द्वार बनाए जा रहे हैं. राजस्थानी पैटर्न पर लाल पत्थर की 11 छतरियां और 31 स्तंभ निर्मित किए जा रहे हैं, जो छोटे तालाब को नई पहचान देंगे, इसके अलावा नौकायन के लिए 3 घाट भी बनाए जा रहे हैं, ताकि नागरिक जलविहार का आनंद ले सकें.

## एक नजर में



### भारत परिक्रमा पर निकलीं महिलाओं का स्वागत

**सागर.** कार से नागपुर से भारत परिक्रमा पर निकलीं एडवेंचरस डॉ. अंशुजा कीमतकर और लक्ष्मी माथरे का सागर आगमन हुआ. वैचारिक स्वच्छता अभियान संस्थापक डॉ. वंदना गुप्ता के निवास पर स्वागत किया. डॉ. गुप्ता ने उन्हें मां-बहन-बेटी की गालियों से मुक्त समाज निर्माण हेतु चल रहे वैचारिक स्वच्छता अभियान से अवगत कराया. डॉ. अंशुजा कीमतकर को डॉ. वंदना गुप्ता द्वारा राष्ट्रीय ब्रांड एंबेसेडर घोषित किया गया.



### चार संस्थाओं ने चलाया सफाई अभियान

**सागर.** सीएआरएस राइडर्स ने रोटरी क्लब जेसीआई और विचार संस्था के सहयोग से स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बस स्टैंड की सफाई की. इस अवसर पर डॉ. देवेंद्र ओझा, आशीष ठाकुर, कपिल मलैया, सौरभ रांधेलिया, सारांश जैन, रिशांक तिवारी मौजूद थे.



### अटल सेतु पर हुआ देवी प्रतिमाओं का विसर्जन

**रहली.** नवरात्रि की विदाई दशहरा उत्सव पर चल समारोह, दशहरा मैदान पर प्रतिमाओं का एकत्रीकरण कर एक साथ दर्शनों की सुलभ व्यवस्था के लिए नगर पालिका द्वारा आयोजित मेला में पहुंचे. सर्व प्रथम रामनगरी, साहू कालौनी, और अटा दुर्गोत्सव समिति ने गौधूली बेला में ही अटल सेतु पर पहुंचकर विधि विधान से विसर्जन किया. अनेक समितियों ने देररात तक अपने निर्धारित स्थान पर ही दर्शन व्यवस्था बनाये रखी.



### गांधी जयंती पर कांग्रेस ने की साफ-सफाई

**सागर.** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा गौर मूर्ति से जय स्तंभ तक स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया. सदर स्थित लाल बहादुर शास्त्री चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इस अवसर पर पुरुषोत्तम मुन्ना चौबे, राकेश राय, बब्बू यादव, सिंटू कटारे, आनंद हेला, कल्लू पटेल, रमाकांत यादव, डॉ. दिनेश गोपाल प्रजापति, रजिया खान, अरविंद ठाकुर, अजय राजपूत, रेखा सोनी दीनदयाल तिवारी, लीलाधर सूर्यवंशी, हीरालाल चौधरी, शरद पुरोहित, हरदास रैकवार मौजूद थे.

### आरटीओ ने की यात्री बसों पर कार्रवाई

**सागर.** आरटीओ ने मालथौन एवं खुरई मार्ग पर 38 यात्री वाहनों की जांच की गई. जांच के दौरान 10 यात्री वाहनों में फस्टएड बॉक्स, रिफलेक्ट टेप, व्हीएलटीडी, अग्निशमन यंत्र, एचएसआरपी नम्बर प्लेट, चालक निर्धारित गणवेश में नहीं, वाहन से संबंधित दस्तावेज मौके पर नहीं पाये गये, क्षमता से अधिक सबारी आदि कमियां पाई गई. इस प्रकार 10 यात्री बसों से मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत् चालानी कार्यवाही करते हुए 62000 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया. क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने मनोज कुमार तेहनगुरैया ने कहा कि वाहनों के संचालन के दौरान वाहन से संबंधित समस्त दस्तावेजों यथा बीमा, फिटनेस, परमिट, पंजीयन कार्ड, वाहन चालक का हैबी ड्रायविंग लायसेंस, टैक्स प्रमाण पत्र मौजूद रखें.

# 51 फुट के रावण का पुतला दहन



नवभारत न्यूज

**सागर 3 अक्टूबर. नगर निगम द्वारा असत्य पर सत्य की विजय के पर्व दशहरा महोत्सव का आयोजन पीटीसी ग्राउंड पर किया गया.**

पीटीसी ग्राउंड राधे-राधे संकीर्तन मंडल द्वारा भजनों एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई. श्री राम ने वाण चलाकर आतिशबाजी के साथ रावण के पुतले का दहन किया. रावण के पुतले का जब भगवान श्री राम ने वाण चलाकर दहन किया. कार्यक्रम में खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद लता वानखेड़े, विधायक शैलेंद्र जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, निगमायुक्त राजकुमार खत्री आदि मौजूद थे.

# गोपालपुरा वन परिसर में पौधारोपण हुआ

नवभारत न्यूज

**गौरझामर 3 अक्टूबर. वन परिक्षेत्र गौरझामर में मुख्य वन संरक्षक रिपु दमनसिंह भदोरिया के निर्देशन में तथा वन मंडल अधिकारी दक्षिण सागर वरुण यादव के मार्गदर्शन में नमो वन के अंतर्गत गोपालपुरा वन विश्राम गृह में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ.**



कार्यक्रम में पौधारोपण कार्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ. जिसमें संयुक्त रूप से पौधे रोपे और पौधों की देखभाल हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की. इसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक बृजविहारी पटेरिया द्वारा शस्त्र पूजन के आयोजन में भाग भी लिया. कार्यक्रम में जिपं उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, लक्ष्मण सिंह लोधी, श्रीमती उमा देवी खटीक, श्रीमती प्रीति पटवारी, राजाराम पटेल, संतोष सोनी, प्रीतम सिंह लोधी, राजेश सिंह गोंड, लखन लोधी, दिनेश सिंह, बृजेंद्र दांगी, योगेंद्र सिंह ठाकुर, दशरथ साहू, हीरा सिंह आदिवासी, एसडीएम मुनव्वर खान आदि मौजूद थे.

## अभियान का समापन

**सागर.** स्वच्छता ही सेवा राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ दीनदयाल चौराहा के पास से बस स्टैंड पर स्वच्छता श्रमदान के साथ किया गया था. समापन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, निगमायुक्त राजकुमार खत्री, एमआईसी सदस्य धर्मेंद्र खटीक, रुपेश यादव पार्षद प्रतिनिधि शैलेश जैन, रामू ठेकेदार ने स्वच्छता अधिकारी राजेश सिंह राजपूत, सभी जोन प्रभारियों, सफाई दरोगाओं एवं सफाई मित्रों के साथ लेहदरा नाका स्थित बड़ी नदी एवं नरयावली नाका मुक्तिधाम की सफाई कर किया गया.

# समाज में व्याप्त बुराई रूपी रावण को जलाएं

नवभारत न्यूज

**खुरई 3 अक्टूबर. रावण अधर्म, अत्याचार और अन्याय का प्रतीक है. दशहरा पर हम कागज से बना रावण जलाते हैं. मगर असली रावण तब जलेगा, जब समाज से बुराईयां खत्म होंगी. समाज में सबसे बड़ा रावण शराब है. जब तक यह नहीं जलेगा, तब तक जनता सुखी नहीं रह सकती और इसके लिए हमें अपने क्षेत्र के गाँव-गाँव में उन लोगों का सामाजिक बहिष्कार करना होगा जो अवैध शराब का करोबार कर रहे हैं.**



यह उद्गार पूर्व गृह मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह ने खुरई और कनेरागौंड़ में आयोजित दशहरा महोत्सव में व्यक्त किये. इस अवसर पर युवा नेता अविराज भूपेन्द्र सिंह ने शिव तांडव स्त्रोत को कंठस्थ सुनाया. पूर्व गृहमंत्री श्री सिंह ने कहा कि रावण के अंत का कारण उसका अभिमान था. अभिमान के कारण ही रावण, कंस और कौरव मारे गये, इसलिए आज यह संकल्प लें कि हमारे जीवन में अभिमान न हो और हम न्याय, धर्म के मार्ग पर चलें, हम हजारों साल से रावण का वध कर रहे हैं पर क्या हम अपने मन के अंदर का रावण जला पाए.

## शिविर का आयोजन नहीं

**सागर.** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर जिले में होने वाले शासकीय कार्यक्रमों का आयोजन ना कर शासन के नियम निर्देशों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने को लेकर पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कमिश्नर अनिल सुचारी एवं कलेक्टर संदीप जी आर को पत्र लिखा है. श्री चौधरी ने पत्र में कहा हैं कि गांधी जयंती पर संपूर्ण प्रदेश के जिलों में आदिम जाति कल्याण विभाग के माध्यम से प्रशासन को जिला स्तर पर अस्पृश्यता निवारण शिविरों का आयोजन करने के स्पष्ट निर्देश है. उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों का खुला उल्लंघन किया गया है.

# शराब का अवैध परिवहन

नवभारत न्यूज

**सागर 3 अक्टूबर. गौरझामर थाना पुलिस ने अवैध शराब परिवहन करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 8 पेटी एवं 01 बोरी में देशी लाल मसाला शराब मय बुलेरो वाहन जप्त की गई है.**

थाना गौरझामर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गंगवारा-भजिया भटार रोड से एक बिना नंबर की सफेद महिन्द्रा बुलेरो वाहन में अवैध शराब लाई जा रही है. पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली, जिसमें 08 कार्टून तथा पीली प्लास्टिक बोरी में भरे 50 पाव, कुल 450 पाव देशी लाल मसाला शराब कीमत करीब



45,000 रुपए बरामद हुई. वाहन चालक छोटू उर्फ आलोक दुबे निवासी ग्राम नयानगर, हाल हाता तिराहा गौरझामर एवं उसका साथी रामकृष्ण यादव निवासी ग्राम चिरचिटा सुकजू थाना देवरी शराब परिवहन कर रहे थे. पूछताछ पर वे शराब संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए.

# दशहरा चल समारोह निकला



नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 3 अक्टूबर. श्रीराम दल उत्सव समिति के तत्वाधान में विजयादशमी दशहरा पर्व पर अखाड़ो के साथ चल समारोह नगर के मुख्य मार्गो से निकाला.**

भगवान राम लक्ष्मण एवं हनुमान जी की संजीव झांकी आकर्षक का केंद्र रही. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने श्रीराम दरबार की आरती उतारी. श्रीरामदल उत्सव समिति के सदस्यों, अखाड़ों के उस्ताद, खलीफाओं का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया. दशहरा चल समारोह शनिचरा बाजार स्थित श्रीदेव श्यामलिया जी सरकार मंदिर से प्रारंभ हुआ जो बनेनीघाट, बुधवारा, शुक्रवारा, झंडा चौक से वापस होकर दुर्गा चौक पुराना थाना, बस स्टैंड होकर ब्लॉक कॉलोनी दशहरा मैदान पहुंचा जहां रावण के 22 फुट पुतले का दहन किया. समिति द्वारा अखाड़ों उस्ताद, विभागों के अधिकारियों का सम्मान किया.

## ज्ञापन सौंपा

**सागर.** क्षत्रिय महासभा द्वारा सुरखी विधानसभा के जैसीनगर ब्लॉक में शस्त्र पूजन कार्यक्रम के दौरान हुई. बैठक में निर्णय लिया गया है कि जयसिंह नगर में इस नगर के संस्थापक शासक जयसिंह जू देव की प्रतिमा स्थापित की जाएगी. शस्त्र पूजन के पश्चात जैसीनगर (जयसिंह नगर) का नाम परिवर्तित किए जाने के विरोध में रैली निकाली गई एवं प्रशासन से जैसीनगर (जयसिंह नगर) का नाम यथावत रखने हेतु ज्ञापन सौंपा गया. बैठक में निर्णय लिया कि जैसीनगर तालाब में नगर के संस्थापक शासक श्री जयसिंह जू देव की मूर्ति स्थापित की जाए. प्रशासन से मांग की जाएगी. इस दौरान जिला अध्यक्ष लखन सिंह, पूर्व सांसद राजबहादुर सिंह, राजकुमार सिंह, अशोक सिंह, राजू राजपूत रविन्द्र सिंह, रघुवीर सिंह आदि मौजूद थे.

# जैन धर्म के इतिहास का सबसे बड़ा विधान

नवभारत न्यूज

**सागर 3 अक्टूबर. मुनिश्री विमल सागर महाराज ने विद्योदय तीर्थ में चल रहे साथ 720 समोशरण विधान में प्रवचनों में कहा कि जैन धर्म के इतिहास में यह सबसे बड़ा विधान है. 720 समोशरण एक स्थान पर लगे हुए हैं जहां पर एक साथ 720 से अधिक भगवानों की पूजा अर्चना हो रही है इससे पहले 170 समोशरण विधान भाग्योदय तीर्थ में ही हुआ था.**



मुनि श्री ने बताया संसार में तीन लोक होते हैं, हम सब मध्यलोक के वासी हैं और मनुष्य ढाई दीप में पाए जाते हैं, इसमें पांच भरत क्षेत्र और पांच ऐरावत क्षेत्र होते हैं. कल 30 चौबीसी की 10 पूर्व, 10 वर्तमान और 10 भविष्य की चौबीसी है. सागर के विधान की चर्चा और आनंद की चर्चा भी जगह-जगह हो रही है. उन्होंने कहा यदि आपने पांचो पापों और पांचो इंद्रियों पर विजय प्राप्त की तो आपकी हमेशा विजयादशमी रहेगी. आचार्य श्री अहिंसा के पुजारी थे और आज एक साथ 18 चरणों का पाद प्रक्षालन स्वर्ण कलश से किया गया है. गुरुदेव के प्रति सागर वालों की समर्पण में कभी किसी ने कोई शंका व्यक्त नहीं की है. बालक हिल व्यू, जरूआखेड़ा, रजाखेड़ी, रामपुरा, वर्धमान कॉलोनी, पगारा, शास्त्री वार्ड, नेहा नगर, तपोवन तीर्थ, चनाटोरिया, शनिचरी मंदिर, संजोग समिति, अनुभूति सोशल ग्रुप, बांदरी, राहतगढ़, बेगमगंज आदि स्थानों से हजारों महिलाएं और पुरुष दिव्य घोष के साथ द्रव्य लेकर के पहुंचे.

विधान के समापन के बाद 6 और 7 अक्टूबर को आचार्य छत्तीसगढ़ और आचार्य श्री पर केंद्रित कार्यक्रम विद्योदय तीर्थ क्षेत्र में होंगे. श्रावक श्रेष्टि कांता रमेश बिलहरा बनी.

# जैन मिलन की बैठक में लिए गए निर्णय

नवभारत न्यूज

**सागर 3 अक्टूबर. जैन मिलन मकरोनिया क्षेत्र क्रमांक 10 की बैठक का आयोजन सुरेश जैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई. मुख्य अतिथिअति अरुण चंदेरिया क्षेत्रीय अध्यक्ष थे.**



इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के काम को त्याग, नि:स्वार्थ सेवा भाव ओर राष्ट्र निर्माण की अद्भुत मिसाल बताया. रविंद्र जैन मंत्री द्वारा बैठक का एजेंडा पढ़ कर सुनाया गया. शरद पूर्णिमा पर समाधि सम्राट आचार्य विद्यासागर एवं गणनी आर्यिका ज्ञानमती माताजी के अवतरण दिवस पर नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा. 12 अक्टूबर को आदिश्वर तीर्थक्षेत्र नोहटा में आयोजित बैठक एवं तीर्थ रक्षा सम्मेलन में भी अधिक से अधिक सहभागिता की जावेगी एवं अगले महीने ठंडो को देखते हुए गर्म कपड़े स्वेटर कंबल बेडशीट आदि जैन संस्थाओं के छात्रावास में रहने वाले छात्रों को सभी के सहयोग से दिए जायेंगे. साथ ही नये एवं पुराने वस्त्र, स्वेटर एवं साड़ियों का भी वितरण एवं अहिंसा दिवस पर नशामुक्ति एवं स्वच्छता की भी शपथ ली गई. इस अवसर पर महेश जैन, जिनेश बहरोल, डालचंद्र जैन संजय शक्कर, संतोष गढ़ाकोटा, प्रदीप गुन्नौर, रविंद्र जैन, राजेश जैन, पीसी जैन, हेमचंद्र जैन, निशीकांत सिंघई उपस्थित थे.

# मां दुर्गा को दी गई विदाई

नवभारत न्यूज

**बीना 3 अक्टूबर. शक्ति और ममता की देवी मां दुर्गा की 9 दिन की उपासना की पश्चात आज भारी मन से विदाई दी गई. विजयी दशमी पर भक्तों ने जगह-जगह विराजमान की गई. मातारानी की झांकियां धूमधाम से निकाली.**

चल समारोहों के निकलने का दौर शुरु हो गया. उधर विसर्जन कार्यक्रम को लेकर शासन प्रशासन एवं पुलिस ने पुख्ता इंतजाम पहले ही कर लिए थे. शक्ति उपासकों का भक्ति और सेवा का आखिरी दिन रहा. शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में भक्तों ने एक



से आकर्षक झांकियां सजाई थीं. ग्रामीण क्षेत्रों मंडी बामोरा, भानगढ़, कंजिया में भी पुलिस और प्रशासनिक कर्मचारियों की उपस्थिति में विसर्जन किया गया. विसर्जन घाट पर एसडीओपी नीतेश पटैल, तहसीलदार अंबर पंथी, थाना प्रभारी अनूप यादव आदि उपस्थित रहे.

## शस्त्र पूजन हुआ

**सागर.** विजयदशमी पर खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शस्त्रों की पूजा हमें धर्म, कर्म और कर्तव्यों का बोध कराती है. कार्यक्रम में सांसद लता वानखेड़े, पुलिस उप महानिरीक्षक सचेंद्र सिंह चौहान, कलेक्टर संदीप जी.आर., पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल उपस्थित थे. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि शस्त्र पूजा हमें अपने कर्तव्यों और कर्मों के प्रति जागरूक करती है. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश पुलिस को आधुनिक हथियार और शस्त्र उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है.